आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–24 जून 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आज वाराणसी में होगी पच्चीसवीं मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक, चार राज्यों के मुख्यमंत्री, मंत्री और अधिकारी होंगे शामिल।
- उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राष्ट्रीय कुलपति सम्मेलन का किया उद्घाटन, कहा–नवाचारों को प्राथमिकता देकर सकारात्मक बदलाव लाएं छात्र।
- सरकार ने एकीकृत पेंशन योजना के लिए विकल्प चुनने की अंतिम तिथि को तीन महीने बढ़ा कर तीस सितम्बर करने का लिया निर्णय।
- प्रदेश के अधिकांश जिलों में रुक रुक कर वर्षा का क्रम जारी, पूर्वी जिलों में छाए हुए हैं बादल।

**********

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे। वह आज पच्चीसवीं मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक आज सुबह ग्यारह बजे से शुरू होकर करीब दो बजे तक चलेगी। इस बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित अन्य मंत्री व अधिकारी हिस्सा लेंगे। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक काशी में पहली बार हो रही है। मध्य क्षेत्रीय परिषद में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश राज्य शामिल हैं। बैठक में सदस्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ– साथ प्रत्येक राज्य से दो वरिष्ठ मंत्री, मुख्य सचिव और केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी भाग लेंगे। बैठक में काशी के विश्व प्रसिद्ध हस्तशिल्प जीआई टैग उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगेगी। इसमें बनारसी जरदोजी, गुलाबी मीनाकारी, ग्लासबीड्स वर्क, वुड कार्विंग आदि से बने सुंदर उत्पाद प्रदर्शित किए जायेंगे। यह आयोजन न केवल इन उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाएगा, बल्कि स्थानीय कारीगरों को भी प्रोत्साहित करेगा। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।***

**********

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कल नोएडा में आयोजित राष्ट्रीय कुलपति सम्मेलन का उद्घाटन किया। भारतीय विश्वविद्यालय संघ की स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने पर आयोजित इस दो दिवसीय सम्मेलन में देश के लगभग तीन सौ विश्वविद्यालयों के कुलपति भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप राष्ट्रपति ने कहा कि नई शिक्षा नीति हमारी सभ्यता और मूल्यों को ध्यान में रखकर बनाई गई है। उन्होंने कहा कि छात्र ज्ञान को सिर्फ डिग्री तक ही सीमित न रखें बल्कि नवाचारों को प्राथमिकता देकर सकारात्मक बदलाव लाएं। श्री धनखड़ ने उत्तर प्रदेश में स्कूली शिक्षा में हुए सुधार के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों की सराहना की।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल भदोही में जनप्रतिनिधियों के साथ जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विकास के लिए कई परियोजनाओं को मंजूरी दी । इनमें सीतामढ़ी के पास डेंगुरपुर में गंगा नदी पर ब्रिज और गोपीगंज–मीरजापुर के बीच रेलवे लाइन पर आरओबी के निर्माण सहित अन्य परियोजनाएं शामिल हैं। मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि भदोही के हस्तशिल्प ने प्रदेश और देश को दुनिया भर में पहचान दिलाई है।

***जो कारपेट उद्योग आज से 10 वर्ष पहले बहुत खराब स्थिति में था? आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी जी की प्रेरणा से यहां के हस्तशिल्पियों को प्रोत्साहन दिया गया। आज उसका परिणाम है यहां का कारपेट उद्योग न केवल उत्तर प्रदेश में प्रदेश में भी एक्सपोर्ट में 60 प्रतिशत योगदान उत्तर प्रदेश का उत्तर प्रदेश में जो एक्सपोर्ट हो रहे है उसमें 60 प्रतिशत से अधिक शेयर अकेले जनपद का है।***

**********

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल कल नोएडा के दौरे पर रहीं। इस दौरान उन्होंने दो कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। नोएडा के डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में राज्यपाल ने यूपीआईडी संस्थान का भ्रमण किया एवं विश्वविद्यालय और संस्थान के अधिकारियों के साथ बैठक कर शैक्षिक, प्रशासनिक तथा नवाचार सम्बन्धी गतिविधियों की जानकारी ली। बैठक के दौरान राज्यपाल ने संस्थान की भावी योजनाओं की दिशा में महत्वपूर्ण सुझाव दिये। राज्यपाल ने नोएडा में एक अन्य कार्यक्रम में हिस्सा लेकर पुलिस बल को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पुलिस बल सिर्फ कानून का नहीं बल्कि साहस, संवेदना और सेवा का प्रतीक है।

**********

प्रदेश के पॉलीटेक्निक संस्थानों में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा दो हजार पचीस का परीक्षा परिणाम कल घोषित कर दिया गया। परिणाम परिषद की वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट जेईईसीयूपी डॉट एडमिसन्स डॉट एनआईसी डॉट इन पर देखा जा सकता है।

**********

केंद्रीय सहकारिता एवं उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने कल आकांक्षी जनपद बलरामपुर में विकास कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर श्री मोहोल ने कहा कि देश के आकांक्षी जिलों में विकास के मामले में बलरामपुर जिला अग्रणी है।

***112 चयनित जिलों में विकास का काम हुआ स्वास्थ्य का काम हो, शिक्षा का काम हो। इसको अलग तरह से देखा गया और उस पर विशेष प्रयास केंद्र सरकार द्वारा किए गए तो मुझे बहुत खुशी है कि एक सौ बार जो डिस्ट्रिक्ट पूरे देश में चुने गए, उसमें हमारा बलरामपुर जो डिस्ट्रिक्ट है। वह पिछले 6 साल में ऐसी प्रगति यहां पर हुई है। एक नंबर पर भी पहले क्रमांक पर हमारा बलरामपुर आता है।***

**********

राष्ट्र ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले ग्यारह वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष फीचर लेकर आया है। आज, हम देश के अल्पसंख्यक समुदायों के सशक्तिकरण, अवसर और सुधार के माध्यम से समावेशी विकास के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

***प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत 18 हजार 400 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास और वित्त निगम ने पिछड़े वर्गों को रियायती ऋण प्रदान करते हुए एक लाख 74 हजार से अधिक लाभार्थियों को 752 करोड़ रुपये से अधिक वितरित किए। सांस्कृतिक और समुदाय–विशिष्ट पहलों ने भी सार्थक प्रभाव डाला है। हज सुविधा ऐप और हज स्वयंसेवकों के लिए समर्पित प्रशिक्षण कार्यक्रमों ने तीर्थयात्रा के अनुभव को बेहतर बनाया है। जबकि ऐतिहासिक वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025, और उम्मीद पोर्टल ने पारदर्शिता और शासन को मजबूत किया, जिससे वक्फ संपत्तियों के लिए डिजिटल प्रबंधन के एक नए युग की शुरुआत हुई। इसके अतिरिक्त, बौद्ध विकास योजना और जियो पारसी जैसी अन्य जैसी योजनाओं ने संस्कृति को संरक्षित करके, शिक्षा और सामुदायिक कल्याण को बढ़ावा देकर विभिन्न समुदायों की अनूठी जरूरतों को पूरा किया है। विष्णु की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से सरफिरोजी।***

**********

सरकार ने एकीकृत पेंशन योजना के लिए विकल्प चुनने की अंतिम तिथि को तीन महीने बढ़ाकर इस वर्ष तीस सितंबर तक करने का निर्णय लिया है। यह अंतिम तिथि पात्र केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों और मृतक सेवानिवृत्त कर्मचारियों के कानूनी रूप से विवाहित जीवनसाथी पर लागू होगी।

**********

ओलंपियन ललित उपाध्याय ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास लेने की घोषणा की है। यह जानकारी उन्होंने अपने अधिकृत सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर साझा की है। वाराणसी के रहने वाले अर्जुन अवार्डी ओलंपियन ललित उपाध्याय घरेलू और लीग मैच खेलना जारी रखेंगे।

**********

प्रदेश के अधिकांश जिलों में रूक–रूक कर गरज–चमक के साथ वर्षा का क्रम जारी है। प्रदेश के सभी पूर्वी जिलों में बादल छाये हुए हैं। कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी से लेकर हल्की वर्षा हो रही है। वर्षा के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार वर्षा की वायुमण्डलीय परिस्थितियां बनी हुयी हैं, जिसके कारण अगले तीन दिन तक अधिकांश जिलों में वर्षा का पूर्वानुमान है। कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम तो कुछ पर मध्यम से भारी वर्षा रिकॉर्ड हो सकती है। वर्षा होने का सर्वाधिक लाभ किसानों को मिल रहा है। सभी किसान धान की रोपाई कर रहे हैं।

**********